तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती



चांपा रेलवे स्टेशन में सप्ताह भर से बंद पड़ा कोच इंडिकेशन बोर्ड

4




## खबर संक्षेप

### जिले में 15 सितम्बर तक मनाया जा रहा बालिका सुरक्षा माह

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनिता अग्रवाल के मार्गदर्शन में 14 अगस्त से 15 सितम्बर तक बालिका सुरक्षा माह के तहत भारत में बालिकाओं के लिए सुरक्षित और सक्षम वातावरण की दिशा में उनकी सुरक्षा के विषय पर बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा एवं उनके लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। इनमें नाटक, मेहंदी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ-साथ बालिकाओं की सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, लिंग भेदभाव, साइबर सेफ्टी, चाइल्ड लाइन 1098, आपातकालीन नंबर 112 व 181 जानकारियां दी जा रही हैं।

### संगीत प्रशिक्षक एवं अंशकालीन योग प्रशिक्षण व प्रशिक्षकों के लिए आवेदन 22 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार जांजगीर-चांपा जिले के 10 पीएम श्री विद्यालयों पीएमश्री शा.प्राथ.शा. कापन, शा. कन्या प्राथ.शा. बलौदा, शा.जन.प्राथ.शा. नवगवां, शा.प्राथ.शा. बरपाली चांपा, शा.प्राथ.शा. लखुर्री, शा.प्राथ.शा. मिसदा, शा.प्राथ.शा. भाठापारा नवागढ़, शा.प्राथ.शा. बारगांव, पीएमश्री स्कूल सेजेस क्र.-1 एवं पीएमश्री स्कूल सेजेस बलौदा) में मानदेय पर संगीत प्रशिक्षक एवं अंशकालीन योग प्रशिक्षण, खेल शिक्षक, प्रशिक्षकों हेतु आवेदन 22 सितम्बर सायं 5 बजे तक आमंत्रित किया गया है।

### स्टोर रूम से कॉपर वायर का बंडल चोरी के मामले में एक पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा।** स्टोर रूम में रखे कॉपर वायर चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना का है। मिली जानकारी के अनुसार चांपा निवासी रामगोपाल सोमानी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 अगस्त की दरमियानी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके स्टोर रूम में रखें कॉपर वायर के बंडल एवं स्क्रैप कीमती करीबन 15 हजार को चोरी कर ले गए की रिपोर्ट पर थाना चांपा में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4),305(ए)बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। पुलिस ने मेंहदा पारा राजेश सहिस को गिरफ्तार कर 11 सितंबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### 15वें वित्त की राशि गबन का आरोप, कार्रवाई की मांग

**घोघरी।** ग्राम पंचायत बासीन के सरपंच सचिव द्वारा 15वे वित्त की 1 लाख 59 हजार रुपए राशि का गबन का मामला सामने आया है। इस पर कार्रवाई की मांग की है। जनपद पंचायत मालखरौदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बासीन के वर्तमान सरपंच एवं सचिव द्वारा विकास के आए सरकारी राशि 15वे वित्त की राशि 1 लाख 59 हजार रूपये को मिलीभगत कर बिना कार्य कराए 18 अगस्त को आहरण कर लिया गया है। इस मामले को लेकर 9 पंचों द्वारा मुख्यकार्यपालन अधिकारी मालखरौदा को लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की है। लिखित शिकायत एसडीएम व जनपद सीईओ को दिया गया है। शिकायत करने वालों में प्रतिभा अंचल उपसरपंच श्यामा देवी अंचल अमरीका अंचल यशोदा अंचल विल्सन जाटवर, सुमित आदित्य, सूरजबाई जाटवर उषा आदित्य अजोर अंचल पंच सहित भोजराम देव आदित्य लच्छू अंचल रामेश्वर अंचल रामायण पूर्व उपसरपंच जय अंचल उपस्थित रहे। इस संबंध में मालखरौदा एसडीएम रुपेंद्र पटेल व जनपद सीईओ संदीप कश्यप द्वारा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया।

# सोसायटियों के बाद बाजार से भी यूरिया गायब! व्यथित किसानों ने घेरा कृषि दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में यूरिया की कमी की समस्या कही खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। बीते करीब माह भर से किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे है। खास बात यह है कि सोसायटियों के बाद अब खुले बाजार से भी यूरिया गायब हो गया है, जहां कही उपलब्धता है भी तो कीमत निर्धारित मूल्य से कई गुना अधिक कर दी गई है। ऐसे में इन सब समस्याओं को लेकर किसान बड़ी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे और कृषि दफ्तर का घेराव कर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान अफसरों के नाम ज्ञापन सौंपकर खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई।

गुरूवार 11 सितंबर को जिले के किसान बड़ी संख्या में एकजुट होकर जिला मुख्यालय जांजगीर पहुंचे, जहां दोपहर के वक्त उन्होंने उप संचालक कृषि कार्यालय का घेराव कर दिया। वे सोसायटियों में खाद की कमी और खुले बाजार में भी खाद नहीं मिलने की समस्या को लेकर नाराज थे। इस दौरान विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नाराज किसानों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मौजूद कृषि विभाग के अधिकारियों को अपना दुखड़ा सुनाया और ज्ञापन देकर खाद उपलब्ध कराने की मांग रखी। तत्पश्चात किसानों की भीड़ तहसील कार्यालय पहुंची, जहां एसडीएम सुब्रत प्रधान को ज्ञापन सौंपकर उन्होंने खाद उपलब्ध कराने का आग्रह किया। किसानों ने बताया कि पिछले माह भर से सेवा सहकारी समितियों में खाद नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही खुले बाजार में भी यूरिया नहीं है। जिन व्यापारियों के पास यूरिया का स्टाक है तो उन्होंने इसकी कीमतें कई गुना अधिक कर दी है। स्थिति यह है कि 267 रुपए में मिलने वाला यूरिया 12 से 15 सौ रुपए बोरी में बिकने लगा है। किसानों ने बताया कि इतने पर भी खुले बाजार में आसानी से यूरिया मिल जाए, इसकी गारंटी नहीं है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश बड़े खाद विक्रेताओं का गोदाम खाली हो गया है, वहां जाने पर यूरिया का स्टाक खत्म होना बताया जाता है। इसके अलावा जिन कुछ व्यापारियों के पास यूरिया का स्टाक है या जो बाहर से मंगा रहे है वे मनमाने कीमत पर बेच रहे है। इधर सोसायटियों में यूरिया की किल्लत बनी हुई है। किसानों के मुताबिक जो किसान समिति से लेनदेन नहीं करते थे। बाजार में हो रही किल्लत के चलते उन्हें भी अब सोसायटियों पर निर्भर होना पड़ रहा है। ऐसे में कई सोसायटियों में नगद में खाद उपलब्ध कराने में आनाकानी होने लगी है। इन सब परिस्थितियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए किसानों ने कृषक चेतना मंच के तले ज्ञापन सौंपकर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

## अफसरों को सुनाया दुखड़ा, खाद उपलब्ध कराने की मांग



### सुने है समस्या

ऐसे किसान जिन्होंने सेवा सहकारी समितियों से ऋण नहीं लिया है। उन किसानों के द्वारा बाजारों के माध्यम से यूरिया, खाद की मांग की गई है। उनकी समस्याओं को सुना गया है। साथ ही उन्हें बाजारों के माध्यम से खाद उपलब्ध कराया जाएगा।

\- सुब्रत प्रधान

एसडीएम, जांजगीर

## शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के तीन महीने बाद भी बनी हुई समस्या

# आ गई तिमाही परीक्षा, सभी बच्चों के हाथ अब तक नहीं आई किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासन द्वारा शिक्षा को लेकर जहां दुनिया भर की योजनाएं चलाई जा रही है और गुणवत्ता सुधार को लेकर चाहे जितने भी दावे किए जाते हो, लेकिन सच्चाई इससे कोसों दूर है। वर्तमान में शिक्षा सत्र आरंभ हुए तीन महीने होने को है। स्कूलों में तिमाही परीक्षा शुरू होने लगी है और शासन से मिलने वाली मुफ्त की किताबें अभी तक सभी बच्चों के हाथों में नहीं पहुंची है।

गौरतलब है कि छतीसगढ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा सरकारी एवं निजी स्कूलो में नि शुल्क पुस्तको का वितरण किया जाना रहता है। जिसके तहत जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत 1 हजार 351 सरकारी एवं 450 निजी स्कूलो में करीब 3 लाख 64 हजार से भी अधिक पुस्तको का वितरण करने का टारगेट रखा गया है। खास बात यह है कि शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के तीन महीने के बाद भी अभी करीब 15 से 20 फीसदी पुस्तको का वितरण नही हो पाया है। इधर सरकारी एवं निजी स्कूलो में तिमाही परीक्षा भी प्रारंभ हो चुकी है। स्कूलो में पुस्तको का वितरण नही हो पाने के चलते छात्रो की परेशानी और भी बढ गई है। आंकडो पर नजर डाली जाए तो बलौदा ब्लाक के 266 सरकारी स्कूलो में 78 हजार 26 पुस्तको का वितरण किया जाना था। इसी प्रकार नवागढ ब्लाक के 352 सरकारी स्कूलो में 81 हजार 717, बम्हनीडीह ब्लाक के 244 सरकारी स्कूलो में 71 हजार 52, पामगढ ब्लाक के 274 सरकारी स्कूलो में 71 हजार 52, अकलतरा ब्लाक के 215 सरकारी स्कूलो में 76 हजार 554 पुस्तको का वितरण करना था। बताया जाता है कि मांग के अनुरूप पुस्तकों का वितरण नहीं हो पाया है। कुछ एक स्कूलों को छोड़कर अधिकांश जगहों पर 15 से 20 फीसदी बच्चों को सभी किताबें नहीं मिल सकी है। इसी तरह जिले के 450 निजी स्कूलो में भी पुस्तको का वितरण करने का टारगेट रखा गया है, लेकिन वहां भी यही हाल है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा सत्र को आरंभ हुए तीन महीने हो रहे है। स्कूलों में त्रैमासिक परीक्षा शुरू होने लगी है। इतने दिनों बाद भी सभी बच्चों के हाथों में किताबें नहीं पहुंच सकी है।



### बार कोड स्कैनिंग बनी समस्या

छतीसगढ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा इस साल नए शिक्षा सत्र के दौरान सरकारी पुस्तको में बार कोड स्कैनिंग व्यवस्था प्रारंभ की गई है। ताकि सरकारी पुस्तकों ना बेचा जा सके। वही बार कोड मोबाइल से स्कैनिंग करने के बाद सभी पुस्तको की समुचित जानकारी एवं डाटा शिक्षको के मोबाइल पर मिल जाएगा, ताकि पुस्तको को छात्रो को देने के बाद पढाई लिखाई करके उसे वापस दे सके। इस तरह की व्यवस्था इसी साल से बनाई गई है। वही दूसरी ओर मोबाइल मे स्केनिंग नही होने की स्थिति में पुस्तको का वितरण भी नही करना है। जिसके चलते अभी भी पुस्तको का वितरण नही किया जा सका है।

### बिलासपुर बुक डिपो से संचालन

पहले जहां जांजगीर चाम्पा जिला मुख्यालय से स्कूलो में पुस्तको का वितरण किया जाता था। वही करीब 5 सालों से बुक डिपो का संचालन जांजगीर के बजाय बिलासपुर से हो रहा है। जिसके चलते निजी एवं सरकारी स्कूलो के शिक्षको को पुस्तक लाने में कठिनाई के साथ पुस्तको का वितरण में समस्या आ रही है। वही बार कोड स्कैनिंग करने की समस्या ने परेशानी और भी बढा दी है।

### की गई है मांग

सरकारी एवं निजी स्कूलो में पुस्तको का वितरण किया जाना है। जैसे जैसे पुस्तके आ रही है, उनका वितरण कराया जा रहा है। पुस्तको की कमी को लेकर विभाग से मांग की गई है।

-अश्वनी भारद्वाज,

डीईओ, जांजगीर चाम्पा

# नाबालिग से किया गैंगरेप फिर साथियों से मांगी दो लाख की फिरौती, तीन गिरफ्तार

## शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की घटना, एक आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

छात्रावास में पढ़ने वाली नाबालिग अपने दो दोस्तों के साथ घुमने गई थी। इस दौरान सुनसान इलाके में 4 युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने बारी बारी से नाबालिग से दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं दुष्कर्म के बाद नाबालिग को जहां छोड़ दिया गया। वहीं उसके दोनों साथियों को बंधक बनाकर परिवार वालों से 2 लाख रुपए फिरौती की मांग करने लगे। सूचना पर हरकत में आई पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना शिवरीनारायण थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 9 सितंबर को पीड़िता अपने दो दोस्तों के साथ घुमने के लिए शिवरीनारायण तरफ जा रही थी। इस दौरान दोपहर के वक्त राहौद के आगे सुनसान इलाके में बाइक व स्कूटी में सवार 4 युवकों ने उन्हें घेर लिया। पुलिस के मुताबिक वे उन्हें डरा धमकाकर राहौद के पास जंगल की तरफ ले गए। वहां उनकी मोबाइल और मोटरसायकल को छिन ली, फिर पीड़िता के साथ एक परिचित से जबरदस्ती संबंध बनाने कहा और उसे अपनी मोबाइल में रिकार्ड कर लिया। इसके बाद वे पीड़िता को झाडियों के बीच ले गए, जहां तीन युवकों ने बारी बारी से उसके साथ जबरदस्ती अनाचार किया, जबकि चौथा युवक निगरानी में लगा हुआ था। दुष्कर्म करने के बाद आरोपियों ने पीड़िता को धमकाते हुए किसी को घटना की जानकारी नहीं देने की चेतावनी दी। फिर उसे पामगढ़ में छोड़ दिया। इधर उसके दोनों साथियों को बंधकर बनाकर रखा था, जिनसे दो लाख रुपए फिरौती की मांग करने लगे। रुपए नहीं देने पर उनके वीडियो को वायरल करने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने जब नाबालिग के दोस्तों से फिरौती मांगने उनके घर में फोन लगवाया तो परिजन ने इसकी सूचना दर्ज कराई। दूसरी ओर डरी सहमी घर पहुंची नाबालिग ने यह बात परिजन को बताई और पुलिस को सूचित किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस टीम हरकत में आई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के दिशा निर्देशन में शिवरीनारायण पुलिस टीम ने अपराध क्रमांक 396/25 धारा 140 (2), 308 (6), 61(2) भारतीय न्याय संहिता, एवं 397/25 धारा 70(2), 351(3),126 (2), 61(2) भारतीय न्याय संहिता, 6 पोस्को एक्ट, 66ई,67 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया। इस दौरान आरोपी उत्तम प्रताप खूंटे पिता महेंद्र कुमार खुटे उम्र 19 वर्ष 10 माह निवासी बिलारी वार्ड नंबर 19, दुर्गेश कुमार सहिस पिता विष्णु कुमार उम्र 19 वर्ष निवासी राहौद बाजारपारा एवं खगेन्द्र गोड़ उर्फ सोम पिता संत कुमार उम्र 18 वर्ष निवासी राहौद बाजार पारा थाना शिवरीनारायण को गिरफ्तार किया। वहीं मामले में फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवरीनारायण निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, सहायक उप निरीक्षक राम प्रसाद बघेल चौकी प्रभारी राहौद एवं पूरे थाना चौकी स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# हत्या के प्रयास का मामला दर्ज, तीन आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** हत्या की नियत से एक राय होकर चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है।



इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 सितंबर की रात ग्राम देवरहा निवासी प्रार्थी लक्ष्मी प्रसाद यादव उर्फ नवधा से रेत-गिट्टी खरीदी-बिक्री में कमीशन की मांग की गई। प्रार्थी द्वारा इनकार करने पर आरोपी राजेंद्र पटेल अपने साथियों के साथ लाठी, डंडा, तलवार और चाकू लेकर उसके घर पहुंचा और अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। प्रार्थी के शोर मचाने और गांव वालों के इकट्ठा होने पर आरोपीगण मौके से फरार हो गए। जिन्हें गुरूवार 11 सितंबर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों में मनीष हंसेलिया 27 वर्ष, निवासी खडपड़ी पारा जांजगीर, उमाशंकर यादव 28 वर्ष, निवासी इंदिरा नगर जांजगीर एवं राम केवट 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजेंद्र पटेल, सतीश यादव, बल्ली उर्फ प्रांजल यादव सहित अन्य 20-25 आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है।

# एनएचएम कर्मचारियों की बेमियादी हड़ताल, 25वें दिन अष्टभुजी दरबार पहुंचकर लगाई अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को 25वें दिन भी जारी रही। लगातार आंदोलनरत कर्मचारियों ने आज अलग अंदाज़ में अपनी आवाज़ बुलंद की। उन्होंने कलश और चुनरी के माध्यम से मनोकामना रैली निकालकर माँ अष्टभुजी मंदिर पहुँचकर अपने दस सूत्रीय मांगों के संबंध में अर्जी लगाई।

इस संबंध में कर्मचारियों का कहना है कि वे बीते दो दशकों से स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बने हुए हैं। कोविड जैसे कठिन समय में भी उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से किया। इसके बावजूद सरकार उनकी अनदेखी कर रही है, जिसके चलते उन्हें मजबूरीवश हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा है।हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, वेतन विसंगति दूर करना, सेवा शर्तों में सुधार और भविष्य की गारंटी जैसी बातें शामिल हैं। उनका कहना है कि सरकार ने चुनाव के दौरान इन मुद्दों पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं की गई। माँ अष्टभुजी के दरबार में अर्जी लगाकर कर्मचारियों ने विश्वास जताया कि उनकी मनोकामनाएँ अवश्य पूर्ण होंगी और जल्द ही सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करेगी। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती, तब तक यह आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा।



अष्टभुजी मंदिर पहुंचे एनएचएम कर्मचारी।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सभी को प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र

# करही उपसरपंच हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने वाले 17 जवान सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

करही उपसरपंच हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने वाले 17 पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया। साथ ही मामला सुलझाने को लेकर ग्रामीणों के योगदान को भी सराहा गया।

ज्ञात हो कि जांजगीर-चांपा पुलिस ने अपने परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा और सूझबूझ का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए थाना बिर्रा के ग्राम करही उप सरपंच की हत्या की गुत्थी सुलझा ली। शव ढूंढ निकालने से लेकर आरोपी की गिरफ्तारी तक की जटिल प्रक्रिया में सफलता हासिल करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक ने 11 सितंबर गुरुवार को कार्यालय जांजगीर में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था की संरक्षक नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा और विश्वास की धुरी है। ऐसे कठिन मामलों में पुलिस और नागरिकों का सामूहिक सहयोग ही हमें न्याय दिलाने और अपराधियों को पकड़ने में सफलता दिलाता है। नागरिकों का योगदान भी सराहा गया इस पूरी कार्यवाही में स्थानीय नागरिकों ने भी कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग दिया। उन्होंने अपनी जिम्मेदार नागरिकता का परिचय देते हुए न केवल मृतक परिवार के लिए न्याय की राह आसान बनाई, बल्कि समाजहित और जनहित में अपना समय और अनुभव भी साझा किया। पुलिस अधीक्षक ने समाज और पुलिस के बीच संवाद और विश्वास ही अपराध रोकथाम की सबसे बड़ी ताकत है। सम्मानित पुलिस अधिकारी कर्मचारियों में निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी थाना प्रभारी शिवरीनारायण, निरीक्षक सुभाष चौबे थाना प्रभारी सारागांव, निरीक्षक जय कुमार साहू थाना प्रभारी बिर्रा, उप निरीक्षक के.पी. सिंह थाना प्रभारी बम्हनीडीह, सउनि मुकेश पाण्डेय थाना बिर्रा, अजय चतुर्वेदी एसडीओपी कार्यालय चांपा, प्र.आर. अनिल अजगल्ले थाना बिर्रा, आरक्षक रघुवीर यादव थाना बिर्राआरक्षक सनोहर जगत थाना बिर्रा, आरक्षक भुनेश्वर साहू थाना बिर्रा, आरक्षक दशरथ केंवट एसडीओपी कार्यालय चांपा, नरेश सिंह सिदार, सैनिक कृष्ण कुमार साहू, मुकेश कुमार रात्रे, हरि प्रसाद पटेल, दिलदार सिंह कंवर, फिरत राम कंवर को सम्मानित किया गया। वहीं मामला सुलझाने में ग्रामीणों के योगदान की भी सराहना की गई।



पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते एसपी विजय कुमार पाण्डेय।

# निजी स्कूल में मनमानी फीस का विरोध कलेक्टर तक पहुंची शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

नगर पंचायत शिवरीनारायण में संचालित एक निजी स्कूल में मनमानी फीस वसूली को लेकर अभिभावकों ने कलेक्टर से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

नगर के प्रमुख निजी शैक्षणिक संस्थानों में से एक स्कूल में मनमाने तरीके से फीस वसूली जा रही है। शिवरीनारायण के ही एक व्यापारी एवं अभिभावक सुरजीत केशरवानी ने जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की मांग की है। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा के अधिकार कानून और शासन के दिशा निर्देशों के बावजूद स्कूल मनमाने तरीके से फीस और अन्य शुल्क बढ़ाते है। हाल ही में स्काउट गाइड गतिविधि के नाम पर प्रति विद्यार्थी 800 रुपये अतिरिक्त वसूले गए जबकि इस संबंध में शासन से किसी प्रकार का निर्देश या अनिवार्यता नहीं है। इतना ही नहीं 15 अगस्त पर आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी छात्रों से मनमाने तरीके से पैसे लिए गए। बच्चों के लिए जो वेशभूषा किराए पर ली गई थी,उसकी कीमत सामान्य बाजार दर से कहीं अधिक वसूली गई।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज का कहना है कि मुझे आपके माध्यम से जानकारी मिली है। जानकारी ली जा रही है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षक दिवस के अवसर पर पुस्तक "तुम अपने हो" का हुआ विमोचन



**नवागढ़।** शिक्षक दिवस के अवसर पर राधाकृष्ण शिक्षा समिति में एक विशेष आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के प्राचार्य डॉ. ऋत्विज तिवारी की प्रथम कृति "तुम अपने हो" का भव्य विमोचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के डायरेक्टर डॉ. विनोद अग्रवाल एवं डायरेक्टर डॉ. श्रीमती अन्नपूर्णा अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर समस्त शिक्षा संकाय के शिक्षकगण और विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।पुस्तक विमोचन के दौरान वक्ताओं ने प्राचार्य डॉ. तिवारी की साहित्यिक प्रतिभा और उनकी रचनात्मक दृष्टि की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए एक विशेष उपहार है बल्कि विद्यार्थियों और समाज के लिए भी प्रेरणादायी साबित होगी। शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम संस्था के लिए ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि यह पुस्तक उनके जीवन और अनुभवों की झलक है, जिसे वे समाज और विद्यार्थियों के साथ साझा करना चाहते हैं। उक्त कृति समस्त ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

### बिटिया के जन्म पर अनोखा जश्न रथ में बिठाकर निकाला जुलूस



**मालखरौदा।** ब्लॉक कॉलोनी मालखरौदा में लालू गबेल के घर बेटी के जन्म के अवसर पर परिवार ने ऐसा स्वागत किया, जिसकी चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। बेटी के जन्म पर जहां कई जगह साधारण रीति-रिवाज निभाए जाते हैं, वहीं गबेल परिवार ने इसे समाज में बेटियों के महत्व को रेखांकित करने का अवसर बना दिया। परिवारजनों ने मां और नवजात को फूलों से सजे रथ में बैठाकर पूरे मोहल्ले में शोभायात्रा निकाली। ढोल-नगाड़ों और बैंडबाजे की धुन पर रिश्तेदार और आस-पड़ोस के लोग थिरकते हुए इस जुलूस में शामिल हुए। जगह-जगह लोगों ने नवजात का स्वागत किया और मिठाई वितरित कर अपनी खुशी जाहिर की। मोहल्ले के बुजुर्गों ने आशीर्वाद दिया तो बच्चों ने भी जमकर मस्ती की। लालू गबेल और परिजनों ने कहा कि आज के दौर में बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। बेटी का जन्म सौभाग्य का प्रतीक है। इसीलिए, उन्होंने संदेश देने के लिए जुलूस निकाला ताकि समाज में यह सोच बने कि बेटे और बेटी में कोई अंतर नहीं है।मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। उन्होंने भी नवजात का स्वागत किया। मोहल्ले के लोग कहते हैं कि पहली बार उन्होंने इस तरह का जुलूस देखा है, जब बिटिया के जन्म पर पूरे क्षेत्र ने मिलकर जश्न मनाया हो। गबेल परिवार की इस पहल को लोग समाज में सकारात्मक संदेश देने वाला कदम मान रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसे आयोजन से बेटियों के प्रति लोगों की सोच बदलेगी और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी।

### आकस्मिक मृत्यु के कारण 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**मालखरौदा।** प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम बरदुली निवासी मृतक स्व. श्रीमती हीरा बाई पाटले को आग में जलने के कारण मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पति नारायण पाटले पिता अच्छे राम पाटले को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

ईसाई समाज ने कब्रिस्तान एवं सिख समाज ने गुरुद्वारा निर्माण कार्य के लिए जमीन उपलब्ध करवाने की मांग

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की योजनाओं का लाभ लें अल्पसंख्यक समाज के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों से रेस्ट हाउस में चर्चा करते एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी का नगर के रेस्ट हाउस में आगमन पर एसडीम सुमित बघेल, अतिरिक्त तहसीलदार शालिनी तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति सारथी, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन, छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज नगर इकाई कार्यकारी अध्यक्ष लखन गुप्ता, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, ईसाई समाज एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेटकर स्वागत किया गया।

रेस्ट हाउस में बैठक को संबोधित करते हुए प्रकाश मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जैन समाज, मुस्लिम समाज, सिख समाज, ईसाई समाज, बौद्ध समाज एवं पारसी समाज के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है दिल्ली में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ,गृह मंत्री अमित शाह एवं अल्पसंख्यक मामलों के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू एवं सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में अल्पसंख्यक समाज के पास जाकर बैठक आयोजित करने के साथ-साथ उनकी मांगों एवं समस्याओं से अवगत होने के साथ देश भर में अल्पसंख्यक समाज के लिए नई नीति बनाने के साथ-साथ अल्पसंख्यक आयोग की योजनाओं से लाभान्वित करने का निर्देश दिया गया था। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की योजनाओं का अल्पसंख्यक समाज लाभ लें, बैठक के दौरान ईसाई समाज के फादर केल्विन लाल ने बताया कि ईसाई समाज द्वारा सन 2007 से नगर में कब्रिस्तान के लिए जमीन की मांग की जा रही है लेकिन आज तक कब्रिस्तान के लिए जमीन का आबंटन नही होने से ईसाई समाज के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बैठक में उपस्थित प्रकाश मोदी ने एसडीम सुमित बघेल से ईसाई समाज के आवेदन पर पहल करने के साथ नगर में ईसाई समाज को कब्रिस्तान के लिए भूमि उपलब्ध करवाने की बात कही गई, सिख समाज द्वारा नगर में गुरुद्वारा नहीं होने से धार्मिक आयोजन करने में कठिनाइयों के संबंध में अवगत कराने पर प्रकाश मोदी द्वारा एसडीएम एवं नगर पालिका अध्यक्ष को नगर में सिख समाज के लिए शासकीय भूमि का आवंटन करने की बात कही गई। जैन समाज द्वारा जैन समाज के सामुदायिक भवन एवं गौशाला का संचालन करने के लिए शासकीय भूमि की मांग करने पर राजस्व विभाग के अधिकारियों को शासकीय भूमि उपलब्ध करवाने की बात कही गई। बैठक में नायब तहसीलदार प्रशांत गुप्ता, राजीव सिंह कंवर, अभिषेक मोदी, नैला जैन समाज अध्यक्ष सुशील जैन, पार्षद रुक्मणि वैष्णव, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गोपेश तुलस्यान, चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के उपाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, महामंत्री मनोज गोयल, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, मौलाना अशरफ, ईरशाद बाबा, अब्दुल मोईद, शहजादा खान, ईश्वर प्रसाद लहरे, सुपेंद्र लदेर, विजय भोसले, बलवंत सिंह गांधी, चंद्र मोहन सब्बरवाल, क्रांति माखीजा, राजू अरोरा, अमित सब्बरवाल, सुनील जैन, रूपेश जैन, राजू जैन, सौरभ जैन, राजा जैन, संयम जैन उपस्थित रहे।

## स्वच्छता अभियान का दिखावा...



पामगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ाता नगर पंचायत पामगढ़ का अटल परिसर में लगा गार्डन चेयर। फोटो : हरिभूमि

## कड़ी मेहनत करने वाले छात्रों को मिलता है सार्थक परिणाम



- क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय में पूर्व छात्र सम्मेलन एलुमिनी मीट का हुआ आयोजन

**बाराद्वार।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में रजत जयंती तक का सफर और पूर्व छात्र सम्मेलन (एलुमिनी मीट) आयोजित किया गया। इसी कड़ी में शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय शक्ति में छत्तीसगढ़ रजत जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्र छात्राएं और स्टाफ के द्वारा छत्तीसगढ़ की स्थापना से लेकर आजतक जो भी विकास और परिवर्तन हुआ है उस पर अपना विचार रखा गया।

मुख्य अतिथि के रूप में नारायण कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार व जनभागीदारी समिति सदस्य और विशिष्ट अतिथि में जितेश शर्मा उपाध्यक्ष नगर पंचायत बाराद्वार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण कुर्रे ने छत्तीसगढ़ सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं का सभी लाभ लेवे और सभी छात्र अपने अध्ययन पर ध्यान दे क्योंकि आज आप मेहनत करोगे तो कल उसका सार्थक परिणाम प्राप्त होगा । उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ निरंतर विकास कर रहा है और सरकार सभी सम्मान और अवसर दे रहा है जिससे वो अपना विकास कर सके । इसी क्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा ने भी छत्तीसगढ़ की सतत विकास की बात कही चाहे वह शिक्षा हो स्वास्थ्य हो रोजगार हो सभी किसान महिला युवा के लिए सरकार समर्पित है और आगे भी छत्तीसगढ़ इसी प्रकार विकसित होगा। प्रो यज्ञ राठिया ने छत्तीसगढ़ गठन से लेकर आज तक की विकास की स्थिति को बारीकी से बताया कि अब छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम गढ़ रहा है । प्रो संतोष जांगड़े ने जिला गठन की प्रक्रिया को बताया। प्रो हेमपुष्पा चंद्रा ने बताया कि पूर्व छात्र सम्मेलन एलुमिनी मीट में भूतपूर्व छात्र साहिल खूंटे और अरुण उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों का आभार प्रदर्शन प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो अजय देवांगन, प्रो डॉ शकुंतला राज, प्रो हेमपुष्पा चंद्रा, प्रो डॉ हरिशंकर रजक, प्रो मनोज जायसवाल, प्रो डॉ ज्योति कुशवाहा, प्रो डॉ टी पी टंडन, प्रो अनिल खर्रा, प्रो डॉ श्रुति तिवारी, प्रो महेंद्र यादव, प्रो डॉ विद्या राय सागर, प्रो पल्लवी प्रधान, जी एस मैत्री सहित छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## पौधारोपण कर बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**गोधना।** गायत्री मंदिर शक्तिपीठ शिवरीनारायण के तत्वाधान में आदर्श ग्राम गोधना के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिर के सदस्य छत्तराम श्रीवास एवं रामकृष्ण साहू ने विद्यालय परिसर में सीता अशोक, बरगद और पीपल के पौधे लगाए। इस अवसर पर छत्तराम श्रीवास ने कहा कि पौधे हमारे जीवन के लिए आवश्यक हैं। ये हमें प्राणवायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधारोपण से न केवल पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, बल्कि बढ़ती गर्मी और जल संकट जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।विद्यालय के प्रधान पाठक गोपालहरि श्रीवास ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने घर व आसपास हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण करें। कार्यक्रम में शिक्षक राम गोपाल तिवारी, रामेश्वर कश्यप, पुरुषोत्तम कश्यप, राधामोहन राय, राजेश साहू सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।इस दौरान बच्चों को पौधों के महत्व, उनकी देखभाल और जल संरक्षण के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधे आने वाले समय में स्वच्छ और हरित वातावरण तैयार करने में मदद करेंगे।कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन एवं मंदिर समिति ने इसे निरंतर चलाने का निर्णय लिया, ताकि समाज में हरियाली बढ़े और स्वस्थ वातावरण का निर्माण हो सके।





## कलेक्टर के निर्देश पर किसानों को मिला यूरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

- खाद के लिए 10 किलोमीटर की चक्कर लगा रहे थे किसान

सालों से आश्रित गांव का दंश झेल रहें बहेराडीह गांव के किसानों को कलेक्टर के निर्देश पर उनके गांव में ही किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया का वितरण केंद्रीय सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी व सुपरवाइजर के मार्गदर्शन में किया गया। जिससे किसानों ने स्थानीय प्रशासन के प्रति प्रशन्नता ब्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि सप्ताहभर पहले वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संचालक दीनदयाल यादव ने अपने गांव के किसानों की खाद बीज और राशन वितरण प्रणाली की समस्या को लेकर कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाक़ात किया था। कलेक्टर ने किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय सहकारी मर्यादित के नोडल अधिकारी अमित साहू को किसानों की समस्या को तत्काल समाधान कराने का निर्देश दिया। कलेक्टर के निर्देश का पालन करते हुए मंगलवार 9 सितम्बर को 360 बोरी यूरिया बहेराडीह भेजा गया और क्षेत्रीय सुपरवाइजर संतोष कुमार सोनी के मार्गदर्शन में बुधवार 10 सितंबर को गांव के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया वितरण किया गया। बहेराडीह के किसान मुरित राम यादव ने बताया कि यहां के किसान खाद के लिए करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित कोसमंदा का चक्कर लगाना पड़ता था। किसान ईश्वर प्रसाद यादव ने बताया कि यहाँ के किसानों की खाद,बीज, राशन की बहुप्रतिक्षित मांग कलेक्टर के निर्देश पर पूरा होने पर ग्रामीणों में हर्ष ब्याप्त है।

## पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि में 15 अक्टूबर तक ले सकेंगे प्रवेश

**बलौदा।** पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश सत्र जून जुलाई 2025-26 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है। पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय बलौदा के सहायक पंकज गौरहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीए ,बीकॉम, बी बी ए, एमएससी गणित कंप्यूटर साइंस ,पी जी डी सी ए डी सी ए , एम ए संस्कृत ,अंग्रेजी हिंदी ,समाज ,राजनीति, छत्तीसगढ़ी एम ए शिक्षा एस व एमएसडब्ल्यू बीलिब, एम लीब,आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है।

## छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स जांजगीर-नैला इकाई की कार्यकारिणी की पहली बैठक नैला वॉर्ड नंबर तीन में अस्थायी कार्यालय अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के निवास में हुई। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। आने वाले दिनों में जीएसटी में हुए परिवर्तन उससे होने वाले लाभ हानि एवं 5 प्रतिशत एवं 12 प्रतिशत होने से बाज़ार में क्या प्रभाव पड़ेगा, परिवर्तन के पश्चात जीएसटी रिटर्न कैसे फाइल करें इत्यादि पर जल्द ही एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी। नैला जांजगीर की नई इकाई की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम किया जाएगा। त्यौहार के समय शहर की दुकानों की व्यवस्थाओं के बारे में बात हुई । आने वाले दिनों में शहर के व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ कैसे दिलाया जाए इस पर चर्चा हुई। व्यापारियों को होने वाले परेशानियों एवं उसके समाधान के बारे में बैठक में कहा गया। स्मार्ट बाजार ,थोक बाजार पर चर्चा हुई। कार्यकारिणी के विस्तार हेतु भी चर्चा की गई। बैठक में नैला जांजगीर इकाई के संरक्षक उमेश गोयल, सुशील जैन, प्रदेश मंत्री दीपक पालीवाल, चेम्बर इकाई अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष - मुरली गुरुनानी, धीरज जैन, विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष- भरत टहलानी, सचिव सुनील शर्मा, सहसचिव अमित शर्मा ,सह सचिव - विकास पालीवाल उपस्थित रहे ।

**न्यायालय कार्यपालक दण्डाधिकारी एवं तहसीलदार नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
रा. प्र.क्र. 202807062200020/ स-132/24-25

**ईश्तहार**

क्रमांक / तह./ज.मृ./202....
नवागढ़, दिनांक 11/09/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि संतोष दास पिता समारू दास जाति पनिका साकिन किरीत तहसील नवागढ़ व थाना नवागढ़ जिला जांजगीर - चांपा (छ.ग.) द्वारा प.ह.नं. 16 ग्राम किरीत में अपने/अपनी (रिश्ता लिखे) दादा स्व. रामोजी के मृत्यु दिनांक 10/02/1995 को होने से मृत्यु पंजीयन नहीं करा पाने के कारण, पंजीयन हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति हो, तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी सुनवाई दिनांक 22/09/25 के पूर्व पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालक दण्डाधिकारी नवागढ़**

**न्यायालयः (श्रीमती लीना अग्रवाल) द्वितीय जिला न्यायाधीश सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
प्रो. नंबर 1044/2025
व्य. अपील.क्र.86A/2023
पेशी तारिख 22/09/2025
गौरीशंकर वगै. बनाम उजितराम वगै.

**बनाम :** उत्तरवादी क्रमांक 10 की उपस्थिति हेतु- 01- दीपक कुमार पिता टिकेश्वर उम्र 25 साल निवासी कठर्रापाली पो. सिंधीतराई, तहसील डभरा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

अपीलार्थी गौरीशंकर पिता स्व. दयाराम उम्र 56 साल, निवासी कठर्रापाली तहसील डभरा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) वगै., ने व्यवहार अपील प्रकरण क्रमांक 86 अ/2023 के तहत के पक्षकार गौरीशंकर बनाम उजितराम वगै. विरूद्ध प्रकरण इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उत्तरवादी क्र. 10 की उपस्थिति नहीं हो पायी है। जिसके कारण अपीलार्थीगण द्वारा समाचार पत्र में उपस्थिति हेतु आवेदन किया है। जिसकी पेशी तारीख 22/09/2025 है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचना दी जाती है कि यदि आप उपर बताई गयी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजीर) नहीं होगें तो अपील की सुनवाई और उसका विधि अनुसार निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः - यदि नियत तिथि पर सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर की जावेगी। आज दिनांक 01/09/2025 को अदालत की मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**(श्रीमती लीना अग्रवाल)**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश सक्ती**
**जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा यह आम सूचना प्रबुद्ध जनो की जानकारी हेतु प्रकाशित की जा रही है कि – मैं शंकरलाल कैवर्त्य उम्र 56 वर्ष पिता स्व. झाडुराम कैवर्त्य जाति केंवट निवासी साकिन धरदेई तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) का निवासी हूँ जहां कि मेरी समस्त चल एवं अचल संपत्ति स्थित है चूंकि मैं पूर्व में भारतीय सेना का कर्मचारी रह चुका हूँ मेरी तीन संताने है जिससे सभी संताने वयस्क हो चुकी है मेरी पुत्री कीर्ति कैवर्त्य जो कि असमाजिक तत्वो के संपर्क में रहती है और हमेशा अवैधानिक कृत्य करती रहती है को मै आज दिनांक 09/09/ 2025 से अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से बहिस्कृत करता हूँ आज दिनांक 09/09/2025 के बाद मेरी समस्त चल एवं अचल संपत्ति में उसका किसी भी प्रकार का कोई अधिकार दावा या हिस्सा नहीं रहेगा एवं भविष्य में किये जाने वाले समस्त कार्यो के लिये कीर्ति कैवर्त्य स्वयं जिम्मेदार होगी मै उसके द्वारा किये जाने वाले किसी भी कृत्य के जिम्मेदार नहीं हूँ।

यह आम सूचना मेरे द्वारा अपने पूर्ण होशो हवास से स्वामित्व से यह आम सूचना प्रबुद्ध जनो की जानकारी हेतु प्रकाशित की जा रही है।

**सो सूचना जाने**
**शंकर लाल कैवर्त्य**
**साकिन धरदेई तहसील पामगढ़**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**मो.नं. 8349230759**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियों के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।



डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट

डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग

डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच



राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज


राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., जेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी, ई.ई.जी, स्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पत्तियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गॉलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिशर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# नवाजुद्दीन ने ब्लाइंड बाबू की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अगली फिल्म 'ब्लाइंड बाबू' के लिए फिल्म निर्माता रवि वर्मा के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट में पूरी टीम भी एक ग्रुप फोटो में दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब बम फटेगा या कुछ और? उस अराजकता के लिए तैयार हो जाइए जो आपको रहस्य और डार्क कॉमेडी के साथ बांधे रखेगी... ब्लाइंड बाबू की यात्रा शुरू।'

## लाइफ Style

# दीपिका

## बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तेयार किया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एटली की अगली फिल्म में वे नजर आएंगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एए22एक्सए6' कहा जा रहा है। मेकर्स ने एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण को तलवारबाजी करते देखा जा रहा था। इससे साफ हो गया है कि अभिनेत्री इस फिल्म में एक्शन अवतार में दिखेंगी।



## हॉलीवुड मसाला



# सौतेले बच्चों के संग मजबूत है रिश्ता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर जेनिफर लोपेज एक बार फिर चर्चा में हैं। वो अपने पति से तलाक ले चुकी हैं, लेकिन बेन एफ्लेक के बेटे के साथ उनका रिश्ता अभी भी मजबूत है। वो दोनों शॉपिंग करते हुए नजर आए। उनकी फोटोज वायरल हो रही है। मालूम हो कि बेन ने जेनिफर गार्डनर से भी शादी की थी। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक को दो साल की शादी के बाद अलग हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। अपने रिश्ते के खत्म होने के बावजूद सिंगर की अपने एक्स हसबैंड के बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग है।




# मुझे लगा मैं कई साल से एक दायरे में बंधा रहा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ड्वेन जॉनसन को दुनिया 'द रॉक' के नाम से जानती है। अपनी पहाड़ जैसी कद-काठी और जबरदस्त बॉडी वाले ड्वेन ने बीते सबको चौंका दिया। अपकमिंग फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के प्रीमियर पर एक्टर के नए दुबले-पतले लुक को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक्टर ने अपने अब तक के कॅरियर में निभाए गए किरदारों और 'चिकन मैन' के रूप में अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर कहा, 'मुझे लगा कि कुछ साल तक मैं एक ही दायरे में बंधा रहा। मैंने इसे होने दिया। मैंने पहले जो फिल्में बनाई थीं, मुझे वे बहुत पसंद हैं। मैं उन्हें फिर से बनाऊंगा। लेकिन, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे फिर से वैसा ही रूप बदलने का मौका मिलेगा जैसा 'मैं स्मैशिंग मशीन' में कर पाया था, क्योंकि इसका मतलब है कि मुझे कम चिकन खाना होगा।'



# बेटी के लिए कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

**मुंबई।** आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। आलिया ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं, कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं। आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल ए 'अल्फा' कर रही हैं।




# कॉमेडी के साथ दिखेगी किसानों की कहानी

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में किसानों का दर्द दिखाया गया है। इस बार कहानी किसानों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक बड़ा आदमी है, जो किसानों की जमीन हड़प रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान हैं, जो अपनी जमीन बचाने के लिए जॉली के पास पहुंचते हैं। पहले जहां किसान अक्षय कुमार के पास पहुंचते हैं, वहीं बाद में गेम पलट जाता है। ट्रेलर देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि जॉली 1 यानी अरशद वारसी जहां किसानों का केस लड़ रहे हैं और किसानों के वकील हैं। वहीं, अक्षय कुमार उस बड़े आदमी यानी गजराज राव के वकील हैं।

## टीवी मसाला



# टॉक शो टू मच 25 सितंबर को होगा शुरू

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना एक नया टॉक शो लेकर आ रही हैं। नाम है 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। यह नया टॉक शो आगामी 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। शो की स्ट्रीमिंग डेट के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। काजोल और ट्विंकल के इस टॉक शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस शो में सेलेब्स गेस्ट होंगे, जिनसे ये दोनों अभिनेत्रियां बात करेंगी और सवाल करेंगी। हालांकि, अभी तक गेस्ट्स को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बीच में ऐसी चर्चाएं चली थीं कि ट्विंकल-काजोल के शो के पहले गेस्ट सलमान खान और आमिर खान हो सकते हैं। हालांकि, ये अभी तक कंफर्म नहीं है। इसके अलावा शो में करण जौहर, जान्हवी कपूर, अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी नाम की कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस टॉक शो से इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल हाल ही में ओटीटी पर आई फिल्म सरजमीं में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ इब्राहिम अली खान और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'मां' फिल्म में भी नजर आई थीं। ये एक हॉरर फिल्म थी। वहीं ट्विंकल खन्ना फिल्मों से दूर है। वो एक लेखक के तौर पर काम करती हैं।

## 20-20 कॉल करके मुझे फिल्मों से निकाला

**नई दिल्ली।** बीते दिनों कुनिका सदानंद ने तान्या मित्तल की परवरिश पर टिप्पणी की थी। बिग बॉस 19 के नवीनतम एपिसोड में सिंगर अमाल मलिक ने कुनिका वाले विवाद पर अपने साथी घरवालों के साथ बैठकर बात की। साथ ही बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी और स्पष्ट स्वभाव ने अक्सर इंडस्ट्री में उनके खिलाफ काम किया। उन्होंने खुलासा किया कि कई बार ताकतवर लोगों ने उन्हें बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने संगीत के जरिए मजबूती से वापसी की। अमाल मलिक ने अपने साथी कंटेस्टेंट से कहा, 'देखो भाई, पहली बार मुझे इस शो में आके बुरा लग रहा है, क्योंकि मुझे एक खास तरीका बताया गया है। बड़े आए बड़े गए। बहुत बोला, कहां है कि खतम कर देंगे तुम्हें, देखते हैं कहां तक चलोगे इस इंडस्ट्री में। 20-20 कॉल करके बड़े-बड़े एक्टर्स प्रोड्यूसर्स ने फिल्मों से निकाला है, फिर भी यहीं खड़ा हूं और कल फिर हिट दूंगा। फिर आएंगे भाई गाना दे दो।'



# रेखा की मां ने पाकिस्तानी क्रिकेटर संग बुने थे बेटी की शादी के ख्वाब

**नई दिल्ली।** रेखा बचपन से ही फिल्मों में एक्टिव रही हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म इंटी गुट्टू और रंगूला रत्नम में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी सिनेमा में आने से पहले बतौर युवा अभिनेत्री उन्होंने साल 1969 में 'ऑपरेशन जैकपॉट' की थी, जो कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में एवरग्रीन स्टार रेखा को पहला ब्रेक फिल्म सावन भादो से मिला था, जिसमें उन्होंने चंदा का किरदार अदा किया था। जैसे-जैसे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ती गईं, उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा होती गई। विनोद मेहरा से लेकर अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ रेखा का नाम जुड़ा। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी होगी की रेखा की मां पुष्पावल्ली मुकेश या अमिताभ बच्चन को नहीं, बल्कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर को अपना दामाद बनाना चाहती है। ऐसा हम नहीं, बल्कि 40 साल पुराना पोस्ट बता रहा है।

### इमरान खान संग मिलाई थी कुंडली?

1980 में रेखा बॉलीवुड के शिखर पर बैठी थीं और उनके रोमांस के चर्चे हर किसी की जुबान पर थे।1985 में स्टार रिपोर्ट ने एक खबर छापी थी, जिसमें रेखा और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान के बीच रिश्ते का जिक्र किया गया था। जर्नल ने अपने स्टेटमेंट में ये भी दावा किया था कि रेखा की मां पुष्पावली को लगता था कि उनकी बेटी के लिए इमरान खान से अच्छा मैच कोई नहीं हो सकता। ऐसा बताया गया कि एक्ट्रेस की मां दिल्ली आईं और उन्होंने नजूमी (ज्योतिष) से मुलाकात की। रेखा की मां ये जानना चाहती थीं कि इमरान उनकी बेटी के लिए आइडियल मैच हैं या नहीं। नजूमी ने उनसे क्या कहा ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन एक्ट्रेस की मां को ये क्लियर हो गया कि वह भविष्य में उनके परिवार का हिस्सा जरूर बनेंगे।




### 1980 में हुई थीं स्पॉट?

इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि दोनों के बीच दोस्ती से आगे का रिश्ता था। उस समय पर जिन्होंने रेखा और इमरान को साथ में कभी बीच पर और कभी शूटिंग के सेट पर एक-दूसरे की कम्पनी एन्जॉय करते हुए देखा, जिससे उन्होंने इस बात को मान लिया की वह एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं। उस रिपोर्ट में ये दावा किया गया था कि 1980 के दौर में कई बार रेखा को इमरान खान के साथ घूमते हुए देखा गया है, जिसने उनकी बॉन्डिंग के बीच आग में घी का काम किया और दोनों की शादी की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, रेखा या पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कभी भी उड़ रही अफवाहों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# सोनू निगम ने शेयर की बिजुरिया गाने की 26 साल पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी', जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते कुछ दिन पहले फिल्म का 'बिजुरिया' गाना रिलीज हुआ, जो काफी ट्रेंड कर रहा है। यह गाना साल 1999 में सोनू निगम द्वारा पहली बार गाया गया था, अब इसका रीक्रिएशन किया गया है। गायक ने सोशल मीडिया पर पर अपने ओरिजनल सॉन्ग की शूटिंग के दौरान के कुछ खूबसूरत पलों को साझा किया है। जिसमें वह संगीतकार रवि पवार और अन्य लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में सभी काफी मौज-मस्ती के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। अगर सोनू निगम की बात करें, तो वो काफी मासूम लग रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गायक ने कैप्शन में लिखा, '26 साल पहले बिजुरिया बनाते समय हमें नहीं पता था कि यह गाना समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और कैसे? चिल्लाना, सीटियां बजाना, ऐसी बातें कहना जिनकी पिछली कहानियां केवल हम जानते थे। हंसना, नकल करना, सीखना और सबसे बढ़कर लंबे समय तक चलने वाला संगीत बनाना और क्या-क्या। मेरे प्यारे रवि भाई, तरुण भाई और स्वर्गीय अजय भाई, हमने यह सब इतनी सकारात्मकता और मासूमियत के साथ किया। इतनी खूबसूरत यात्रा के लिए भगवान का शुक्रिया। एक बार फिर बिजुरिया का आनंद लें।'





## रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा का मिलेगा जबरदस्त एंटरटेनमेंट

# इस हफ्ता ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये सीरीज और फिल्में

*नई दिल्ली। ओटीटी प्रेमियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता जबरदस्त एंटरटेनमेंट लेकर आया है। टॉप साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई वेब सीरीज और रोमांटिक-कॉमेडी शो भी इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं।*




**सैयारा** : अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब 12 सितंबर को स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी वाणी (अनीत) और कृष (अहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस से 329 करोड़ और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 570 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**कुली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली 400 करोड़ के बजट में बनी और फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने 25 दिन में 284 करोड़ का नेट बिजनेस किया। वहीं अब यह फिल्म 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम होगी।



**डू यू वाना पार्टनर** : तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी और जावेद जाफरी की यह कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**द गर्लफ्रेंड** : साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज द गर्लफ्रेंड मिशेल फांसेस के उपन्यास पर आधारित है। छह एपिसोड्स वाली ये सीरीज 10 सितंबर से प्राइम वीडियो पर देखी जा रही है।



**द डेड गर्ल्स** : अल्फोंसो हेरेरा, पॉलिना गैटन और जोआक्विन कोसियो स्टारर यह क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 10 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द रॉन्ग पेरिस** : मिरांडा कॉसग्रोव और पियर्सन फोडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 12 सितंबर से नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी।



**रैम्बो इन लव** : तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'रैम्बो इन लव' एक बदकिस्मत लेकिन, नेकदिल लड़के और उसकी एक्स गर्लफ्रेंड पर आधारित है। ये 12 सितंबर के दिन जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

**टास्क** : 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' के मेकर्स की नई क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज एचबीओ और मैक्स पर रिलीज हो गई है।

**ब्यूटी इन ब्लैक सीजन 2** : ग्लैमर और फैमिली पावर स्ट्रगल पर आधारित इस सफल सीरीज का नया सीजन 11 सितंबर से स्ट्रीम होगा।

## खबर संक्षेप

### पूर्व छात्र परिषद की गठन को लेकर सरस्वती शिशु मंदिर में बैठक आयोजित



**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में पूर्व छात्रों की बैठक पूर्व छात्र परिषद गठन के उद्देश्य से आयोजित हुई । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य केशव कुमार कौशिक ने कहा कि अकलतरा सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना 1981 में हुई है तब से लेकर अब तक हजारों छात्र अपनी स्कूली और उच्च शिक्षा पूरी करके समाज जीवन में अपनी भूमिकाएं निभा रहे हैं। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान पूरे भारत देश में चलने वाली सरस्वती शिशु मंदिरो की राष्ट्रीय मार्गदर्शक संस्था है। संस्था के द्वारा प्रत्येक विद्यालय स्तर पर पूर्व छात्र परिषद गठन करने का आग्रह है जो समाज जीवन में सेवा कार्य,जन जागरण का कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित पूर्व छात्रों ने सर्व सहमति से अभिषेक केडिया को अध्यक्ष, आशीष शर्मा को उपाध्यक्ष, अंकुल लिखमानिया को कोषाध्यक्ष, मंजूषा पाटले को सचिव, अविनाश साहू को सह सचिव, चिराग शर्मा को प्रचार प्रसार प्रमुख मनोनीत किया गया। इस दौरान दीपावली पर्व पर पूर्व छात्रों का दीपावली मिलन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष अभिषेक केडिया ने सभी पूर्व छात्रों को सक्रिय कर विद्यालय विकास,अन्य सेवा कार्यों में योगदान देने का आग्रह किया। सचिव मंजूषा पाटले ने आभार ज्ञापित किया। गोपेश तुलस्यान ने एक कार्पस फंड बनाकर उसके ब्याज की राशि से आचार्यों, कर्मचारियों,जरूरत मंद विद्यार्थियों को सहयोग करने का प्रस्ताव रखा जिसे उपस्थित सभी पूर्व छात्रों ने सहमति प्रदान किया। बैठक में पूर्व छात्र परिषद प्रभारी आचार्य खेमनाथ कश्यप, प्रबोध कुमार यादव कामेश अग्रवाल, गोपेश तुलस्यान, अयन जैन, अभिषेक अग्रवाल, कल्याणी सिंह, लवनीश कुर्रे उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने संभाग स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जीते तीन गोल्ड मेडल

**मुलमुला।** बिलासपुर में 8 और 9 सितंबर को आयोजित हुये संभाग स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025-26 में पामगढ़ विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटीघाट की तीन बालिका खिलाड़ियों ने तीन गोल्ड मेडल जीतकर कर जिले, विकासखंड, एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। पहला स्वर्ण पदक बालिका 17 वर्ष में कांति केवट ने तवा फेंक स्पर्धा में , दूसरा स्वर्ण पदक बालिका 17 वर्ष में ही जया यादव ने तिहरी कूद में और तीसरा स्वर्ण पदक संजीता केवट 19 वर्ष बालिका तवा फेंक स्पर्धा में जीतकर इसी महीने जगदलपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। तीनो बालिकाओ की सफलता पर जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेमलाल पांडेय, पुष्पलता सन्नी यादव जनपद सदस्य, अनिल जोशी सरपंच ग्राम पंचायत कोनारगढ, शाला विकास की अध्यक्ष संतोषी सिंह संस्था के प्राचार्य आर.के. नौरंगे, क्रीड़ा प्रभारी प्रफुल साहू ने शुभकामनाएं दी।



### सरायपाली विधायक चातुरी नंद का हुआ स्वागत



**पामगढ़।** सरायपाली विधायक श्रीमती चातुरी नंद बिलासपुर में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात अल्प प्रवास पर पामगढ़ पहुंची, जहां पर कमरीद सरपंच एवं जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री घासी राम चौहान ने अपने साथियों के साथ स्थानीय विश्राम गृह में उनका शाल पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से पार्टी में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों एवं कार्यक्रम के संबंध में जानकारी लेते हुए वर्तमान भाजपा सरकार के कुशासन को जन जन तक पहुंचाते हुये जागरूकता लाने प्रयास करते रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर घासीराम चौहान, दिनेश थवाईत, रामकृष्ण साहू,रामसाय कश्यप, लक्की प्रजापति, ओम चौहान सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हाई-स्कूल मेंहदी में निकाली गई साक्षरता सप्ताह रैली

**राहौद।** शासकीय हाई स्कूल मेहंदी के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य संतोष अनंत के मार्गदर्शन में साक्षरता सप्ताह की रैली निकालकर ग्राम भ्रमण किया। इस दौरान साक्षरता का अलख जगाने वाले नारे, स्लोगन लगाकर तथा साक्षरता गीतों के माध्यम से जन-जागरूकता का प्रचार प्रसार किया। साक्षरता रैली में छात्र - छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता धनेश देवांगन तथा शिक्षकगण उपस्थित थे।



ट्रेन आने के समय यात्रियों को करनी पड़ रही दौड़-भाग

# चांपा रेलवे स्टेशन में सप्ताह भर से बंद पड़ा कोच इंडिकेशन बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

पिछले सप्ताहभर से चांपा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर लगे कोच इंडिकेशन बोर्ड बंद पड़े है। इसके चलते सफर करने वाले यात्रियों को पता ही नहीं चल पा रहा है कि उनकी बोगी कहां पर लगेगी। वहीं ट्रेन आने के समय यात्रियों को दौड़-भाग करनी पड़ रही है, जिससे अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो रहा है। लोगों ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन तत्काल डिस्प्ले बोर्ड की मरम्मत कर यात्रियों को राहत प्रदान करे।

चांपा रेलवे जंक्शन पर हर तरफ की ट्रेनें आती-जाती हैं। यहां यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफार्म पर लगाए गए ट्रेनों की बोगी स्थिति बताने वाला डिस्प्ले बोर्ड पिछले सप्ताह भर से बंद पड़ा हुआ है। यात्रियों को अपनी बोगी का स्थान पता करने में भारी परेशानी हो रही है। ट्रेन आने के समय यात्रियों को दौड़-भाग करनी पड़ रही है, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बना रहता है। जानकारी के बावजूद भी रेलवे कार्यालय की अनदेखी सामने आई है। अधिकारी और कर्मचारी इसे लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। इधर डिस्प्ले बोर्ड बंद रहने से यात्री ट्रेन की बोगी का सही स्थान पता नहीं कर पा रहे हैं। जिन यात्रियों ने अग्रिम आरक्षण कराया है, उन्हें अपनी सीट और डिब्बा ढूंढने में कठिनाई हो रही है। वहीं, सामान्य यात्रियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्टेशन पर यात्रियों की ओर से कई बार मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई। रेलवे अधिकारी लिखित शिकायत का हवाला देते हुए कार्यवाही से बचते नजर आ रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि जब सुविधाएं दी जाती हैं तो उनकी देखभाल भी समय पर होनी चाहिए। डिस्प्ले बोर्ड जैसे आवश्यक संकेतक के बंद होने से यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ना दुर्भाग्यपूर्ण है।लोगों ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन तत्काल प्रभाव से डिस्प्ले बोर्ड की मरम्मत कर यात्रियों को राहत प्रदान करे।



चांपा रेलवे स्टेशन से बाहर निकलते यात्री।

### नवरात्रि के अवसर पर सभी ट्रेनों का ठहराव देने विधायक ने रेलवे जीएम को सौंपा ज्ञापन

जांजगीर-चांपा। विधायक ब्यास कश्यप ने नवरात्रि एवं दशहरा के अवसर पर जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में सभी प्रमुख ट्रेनों की ठहराव के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन बिलासपुर के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा। अपने ज्ञापन में उन्होंने लिखा है कि 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नवरात्रि एवं दशहरा पर्व का आयोजन होगा। नवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष नैला में देवी दुर्गा का भव्य पंडाल लगता है। इसकी भव्यता एवं धार्मिक महत्व के कारण दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में नैला आते हैं। छत्तीसगढ़ ही नही वरन मध्यप्रदेश, उड़ीसा, झारखंड एवं महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नैला पहुंचते हैं। इससे जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में यात्रियों की संख्या में वृद्धि होना स्वाभाविक है। इस अवधि में यदि प्रमुख ट्रेनों का ठहराव जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में दिया जाता है, तो यात्रियों को तो सुविधा होगी ही, रेल प्रशासन को भी राजस्व की प्राप्ति होगी। ब्यास कश्यप ने नवरात्रि एवं दशहरा के अवसर पर जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में सभी प्रमुख रेल गाड़ियों के ठहराव की मांग की है। महाप्रबंधक रेलवे जोन बिलासपुर के द्वारा इस पर विचार कर शीघ्र उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया गया है।





## अनुभवात्मक अधिगम अध्ययन के लिए किया जा रहा डाटा संकलन कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ के विद्यालयों में अनुभवात्मक अधिगम का अध्ययन हेतु डाटा संकलन कार्य किया जा रहा है। इसमें एनईपी 2020 की अनुशंसाओं के आधार पर विद्यालयों में अनुभवात्मक अधिगम पद्धतियों के अध्ययन हेतु एक महत्वपूर्ण शोध परियोजना आरंभ की गई है।

■ प्रदेश के पांच जिले के पांच-पांच विद्यालयों का किया गया है चयन

इस शोध का प्राथमिक उद्देश्य मिडिल स्तर कक्षा 6 से 8 पर सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में अनुभवात्मक अधिगम के क्रियान्वयन और शिक्षकों द्वारा अनुभव की जाने वाली चुनौतियों का गहन विश्लेषण करना है। इस हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के पांच जिले रायगढ़, सूरजपूर, जांजगीर-चाम्पा, बलौदाबाजार एवं धमतरी जिले के 5-5 विद्यालयों को सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक जिले में 02 फील्ड अन्वेषक की नियुक्ति की गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज एवं डाइट प्राचार्य बी.पी.साहू के मार्गदर्शन में जिले के 5 विद्यालयो में क्रमशः केन्द्रीय विद्यालय खोखरा जांजगीर, पीएमश्री विद्यालय बलौदा, सेजेस अकलतरा, कस्तूरबागांधी बालिका आवासीय विद्यालय पहरिया के साथ ही शा.पू.मा.शाला जुडगा का चयन किया गया है। उक्त डाटा संकलन कार्य 8 सितंबर से 12 सितंबर तक किया जाना है। डाइट जांजगीर के व्याख्याता नेहरूलाल प्रधान एवं एनईपी 2020 प्रभारी व्याख्याता संजय कुमार शर्मा द्वारा फील्ड अन्वेषक का कार्य चयनित सभी विद्यालयों में जाकर किया जा रहा है। फील्ड अन्वेषक संजय कुमार शर्मा द्वारा बताया गया कि उक्त अध्ययन में मिडिल स्तर के शिक्षकों का 03 टूल जिसमें व्यक्तिगत प्रश्नावली, सामूहिक चर्चा प्रश्नावली एवं कक्षा कार्य निरीक्षण प्रश्नावली के माध्यम से तथा प्राचार्य के लिए प्रश्नावली एवं छात्र-छात्राओं के साथ फोकस ग्रूप चर्चा के माध्यम से प्रश्नावली के माध्यम से डाटा संकलन कार्य किया जा रहा है।

## अनुशासन ही सफलता का मूल मंत्र : आनंद मुरारी

**नवागढ़।** पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय एवं राधाकृष्ण शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में आनंद मुरारी प्रभु के सान्निध्य में "तनाव प्रबंधन एवं कैरियर काउंसलिंग" विषय पर प्रेरक प्रवचन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ आनंद मूर्ति, महाविद्यालय के संचालक विनोद अग्रवाल जे एल एन कॉलेज, संचालिका डॉ अन्नपूर्णा अग्रवाल आर के एस एस, प्राचार्य डॉ राजेश शर्मा जे एल एन कॉलेज, प्राचार्य डॉ रित्विक तिवारी आर के एस एस के द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प व श्रीफल अर्पित कर किया गया। आनंद मुरारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को जीवन में तनावमुक्त रहने के उपाय बताए तथा कहा कि सफलता केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मसंतोष से मिलती है। उन्होंने कैरियर चयन में रुचि और क्षमता के अनुरूप निर्णय लेने की सलाह दी। प्रभु ने यह भी कहा कि जीवन को सार्थक बनाने के लिए आध्यात्मिकता की ओर बढ़ना अति आवश्यक है। नियमित साधना, नैतिक मूल्यों का पालन तथा ईश्वर में आस्था ही वास्तविक सफलता का आधार हैं। उनके प्रवचन ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्मअनुशासन और सेवा भाव अपनाने की प्रेरणा दी। अंत में उप प्राचार्य सुश्री नेहा मिश्रा जे एल एन कॉलेज ने प्रभु का आभार प्रकट किया और विद्यार्थियों को इस पवित्र संदेश को जीवन में उतारने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण सुश्री मालती बंजारे, सुश्री यशोदा शांते, सुश्री बबीता मधुकर, प्रज्ञानंद कश्यप, श्रीमती लक्ष्मी, सुश्री कविता, अनुभव साहू, सतीश दास महंत, अखेंद्र जांगड़े, आलोक चंद्रा, दीपक चंद्रा, जोहित कश्यप, शिवरात्रि साहू, श्री आरथो , कमल प्रसाद , सुदर्शन साहू, विकास विश्वकर्मा एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

■ तनाव प्रबंधन एवं कैरियर काउंसलिंग पर प्रवचन आयोजित

## अस्थायी फटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन 23 तक

**सक्ती।** दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए अस्थायी फटाखा लायसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों से 23 सितम्बर तक कार्यालय कलेक्टर सक्ती में आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित अवधि 23 सितम्बर के पश्चात विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी बीरेंद्र लकड़ा से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदक को विस्फोटक नियम 2008 के तहत निर्धारित प्रारूप-एल ई-05 आवेदन पत्र के साथ स्वयं का 03 पासपोर्ट साईज का कलर फोटो, फोटोयुक्त परिचय पत्र, आधार कार्ड एवं नगरपालिका, नगर पंचायत या ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण-पत्र, नजरी नक्शा अंकित हो के साथ 600 रूपये का चालानस जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित अवधि 23 सितम्बर के पश्चात विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

## विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करेंगे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा में स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

■ अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा अकलतरा में एकदिवसीय सेमिनार का हुआ आयोजन

कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया जिनमें प्रमुख रूप से विद्यालय अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा, एशियन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल बाराद्वार (सक्ति), सेंट जेवियर स्कूल पत्थलगांव जशपुर, डीएवी पब्लिक स्कूल अकलतरा, जीएलडी पब्लिक स्कूल खैरताल से आए हुए थे।सीबीएसई प्रशिक्षण देने आए मास्टर ट्रेनर श्रीमती वैशाली उदय नेफ्थे (एकेडमिक कोऑर्डिनेटर) मनका पब्लिक स्कूल चांपा एवं श्री शिव कुमार ,जीआर साधु राम विद्या मंदिर कोसमनारा, रायगढ़ का स्वागत प्राचार्या श्रीमती अंजली दुबे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षार्थी शिक्षकों को नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क 2023 के अनुसार शिक्षा के स्वरूप में जो मूलभूत परिवर्तन करके उसे प्रभावी रूप से प्रस्तुत कर शिक्षण कार्य को किस तरीके से हम अपने शिक्षक जीवन में लागू कर सकते हैं इस विषय पर विभिन्न प्रकार से विभिन्न गतिविधियों के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। एनसीईआरटी के द्वारा जो शिक्षा के सोपान बच्चों के आयु से संबंधित निर्धारित किए गए हैं जिसमें प्रथम 5 वर्ष बच्चे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पूर्व प्राथमिक सोपान के तहत शिक्षा ग्रहण करेंगे इसकी विशेषता से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अघोर विद्यापीठ की शिक्षिका सुश्री गायत्री यादव एवं आभार प्रदर्शन भावेश निषाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक बड़ी संख्या में शामिल हुए।


सेमिनार में उपस्थित शिक्षक एवं अन्य।

## प्राथमिक शाला के बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, बताए गए घरेलू उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

रजत जयंती महोत्सव के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर बुंदेला द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बुंदेला में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं नीम,हल्दी तुलसी गिलोय का घरेलु उपचार बताया गया। दिनचर्या, ऋतुचर्या, स्वच्छता एवं आहार विहार के बारे में जानकारी दी गई।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर के आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर सुनंदा गोस्वामी द्वारा बच्चों को आफ सफाई के बारे में जानकारी दी गई।इस शिविर में शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सहित स्कूल के पूरे स्टाफ भी उपस्थित रहे। शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के फार्मासिस्ट जगनारायण रात्रे, औषधालय सेवक ब्यास नारायण भारद्वाज, योग प्रशिक्षक दीपक राज श्रीवास, पीटीएस उतरा सिंह कंवर का योगदान रहा।



## सेवा कार्यों में ऑल इंडिया लीनेस क्लब नवंबर-वन : आरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

ऑल इन्डिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सीएम- 1 संपदा लीनेस क्लब सक्ती में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट एवं एरिया- 1 की एरिया आफिसर की उपास्थिती में आधिकारिक यात्रा सम्पन्न।

■ सक्ती क्लब में डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट एवं एरिया आफिसर की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न

सर्व प्रथम लीनेस मीरा देवांगन ने गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुत किया लीनेस विनिता जायसवाल ने स्वागत नृत्य एवं स्वागत गीत लीनेस अनीता राठौड़ एवं साथी के द्वारा किया गया।क्लब अध्यक्ष लीनेस अल्का कंवर ने स्वागत उद्बबोधन दिया लीनेस प्रार्थना मनीषा भारद्वाज ध्वज वंदना लीनेस शहनाज बानो ने किया। इसके बाद शिक्षक सम्मान के तहत शिक्षक का श्रीफल, शाल, पौधा देकर सम्मान किया। बालिका सुरक्षा के तहत बालिकाओं को सेनेटरी पेड वितरण किया गया। स्वच्छता महिलाओं को श्री फल एवं उपहार दे सम्मान किया एवं पर्यावरण के तहत पौधरोपण किया। सचिव प्रतिवेदन लीनेस अनीता सिंह ने पढा। कोषाध्यक्ष लीनेस पूनम साहू ने आय व्यय का रिपोर्टग किया। पूर्व अध्यक्ष लीनेस विजया जायसवाल ने सक्ती क्लब को अपना परिवार कहा। एक्जुक्युटिव आफिसर लीनेस शालू पाहवा ने भी सक्ती क्लब में विजिट का उनको धन्यवाद किया। एरिया आफिसर लीनेस आरती तिवारी ने सक्ती क्लब की सराहना करते हुए सभी सदस्यों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि सक्ती क्लब एरिया में नम्बर वन है। उन्होंने पी एस टी को उपहार दे सम्मान किया। डिसट्रिक्ट प्रेसिडेंट का जीवन परिचय पूर्व एरिया आफिसर लीनेस लता नायक ने पढा। लीनेस अनीता कपूर ने जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन लीनेस पूनम एवं संगीता तथा आभार लीनेस निकहत ने किया। इस अवसर पर सुमन सिंह, मंजू जायसवाल, राम कुवर साहू, प्रभा जायसवाल, प्रिया दूबे, निधि सिंह, अमृता सिंह, लक्ष्मी रेड्डी उपास्थि रहे।


अधिकारिक यात्रा में अतिथि के साथ उपस्थित लीनेस क्लब के पदाधिकारी व सदस्य।

### भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने की पत्रकारों से चर्चा

## जीएसटी में बदलाव आम आदमी के जीवन को बनाएगा खुशहाल : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ अग्रसर है। आयकर में ऐतिहासिक छूट के बाद अब जीएसटी के स्लैब का सरलीकरणए इसके रेट में अभूतपूर्व सुधार करकेए रेट को कम करके करके भारत को विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की तरफ हम अग्रसर हो चुके हैं।

श्री चंदेल ने कहा कि यह बदलाव आम आदमी के जीवन को खुशहाल करने वाले और व्यापार उद्योग को नई गति देने वाले हैं। इससे न सिर्फ लोगों की बचत में ऐतिहासिक बढ़त होगी बल्कि जीएसटी कानूनों के सरलीकरण से अब व्यापारी भी अधिक सुगमता के साथ अपना कार्य कर सकेंगे। भाजपा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व प्रदेष भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने कहा कि 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पहले तक भारत में 17 प्रकार के टैक्स और 13 प्रकार के लागू थे। इसके अलावा राज्य सरकारें भी मनमाने ढंग से कभी भी कोई भी कर आरोपित कर देती थी। पिछले वर्ष 12 लाख सालाना की आय पर टैक्स नहीं लागू करने का निर्णय लेने के बाद अब जीएसटी में चार स्लैब के बदले दो ही स्लैब रखनेए सभी उपयोगी वस्तुओं पर कर शून्य करने और अनेक उत्पादों में कर 10 प्रतिशत तक कम कर देने से अब वास्तव में भारतीय अर्थव्यवस्था अब जनता के लिए रामराज्य लाने वाला साबित होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कहा कि आयकर में 12 लाख तक की छूट के बाद अब जीएसटी में भारी कमी कर दी गई है। इससे रोज़मर्रा की ज़रूरत की वस्तुएं, खेती-किसानी के उपकरण, खाने-पीने की चीज़ें, दवाइयां, शिक्षा सामग्री, मनोरंजन की वस्तुएं, ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक एप्लाइंसेस भी सस्ते हो गए हैं। कई आवश्यक वस्तुओं पर टैक्स दर अब शून्य कर दी गई है। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला महामंत्री नंदनी रजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा नेता विवेका गोपाल, सतीश शर्मा, सुशील सिंह, अमित मितल उपस्थित थे।


पत्रकारों से चर्चा करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं अन्य।

